भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1778

उत्तर देने की तारीख 13.02.2023

राजा राम मोहन राय की जयंती के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव

1778. श्रीमती अपरूपा पोद्दार :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को राजा राम मोहन राय की 250वीं जयंती की जानकारी है;

(ख) क्या सरकार ने राजा राम मोहन राय के अर्ध शतकीय जन्मदिन को मनाने की कोई योजना बनाई है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार का पश्चिम बंगाल के राधानगर, हुगली में राजा राम मोहन राय का जन्मदिन रचनात्मक तरीके से मनाने का क्या प्रस्ताव है?

उत्तर

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, हां।

(ख): सरकार ने 25 नवम्बर, 2020 को आयोजित अपनी बैठक में राजा राम मोहन राय की 250वीं जयंती मनाने की स्वीकृति दी थी।

(ग) और (घ): भारत सरकार द्वारा 22 मई, 2022 से 22 मई, 2023 तक राजा राम मोहन राय की 250वीं जयंती यथोचित तरीके से मनायी जा रही है। राजा राम मोहन राय पुस्तकालय, कोलकाता और विज्ञान शहर केन्द्र कोलकाता में 22 मई, 2022 को उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। माननीय संस्कृति मंत्री द्वारा इस अवसर पर राजा राम मोहन राय की प्रतिमा का अनावरण किया गया, इसके पश्चात् संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजा राम मोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आरआरआरएलएफ) ने 250 जिलों में बच्चों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। आरआरआरएलएफ ने 21 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 154 रैलियों का भी आयोजन किया। इसके अलावा, मैंगलोर, कर्नाटक में 30-31 जनवरी, 2023 को महिला सशक्तिकरण और नए भारत के परिवर्तन में राजा राम मोहन राय की प्रासंगिकता के संबंध में एक राष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया।

****